पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

------

# यू0 पी0 इण्डस्ट्रीयल कन्सलटेन्ट लि0 (यूपीकान) की 50वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में माननीय राज्यपाल महोदया की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

------

## राज्यपाल ने मिशनशक्ति योजना के अन्तर्गत ई–रिक्शा ड्राइविंग प्रशिक्षित तीन लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चाबी प्रदान की

--------

## छोटी कक्षा के विद्यार्थियों के लिए वोकेशनल प्रशिक्षण एवं कौशल विकास प्रशिक्षण करायें

**–राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल**

-------

लखनऊः 28 जून, 2024

मिशन शक्ति योजना भविष्य में महिलाओं की ऑटोमेशन क्षेत्र में भूमिका निर्धारित करने में सहायक सिद्ध होगी। यह विचार प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज राजभवन में आयोजित यू0पी0 इण्डस्ट्रीयल कन्सलटेन्ट लि0 (यूपीकान) की 50वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित बैठक के दौरान व्यक्त किये। उन्होंने बताया कि उम्मीद संस्था के प्रयासों से 500 से ज्यादा बच्चों को भिक्षावृत्ति से मुक्ति दिलाकर उनका नामांकन स्कूल में करवाया गया है। उन्होंने इन बच्चों की माताओं को भी इस योजना से जोड़ने का निर्देश देते हुए कहा कि इससे समाज में सकारात्मक बदलाव आयेगा। उन्होंने नई शिक्षा के अन्तर्गत छोटी कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए वोकेशनल प्रशिक्षण एवं कौशल विकास प्रशिक्षण कराने हेतु भी निर्देश दिया।

राज्यपाल जी ने बताया कि प्रधानमंत्री उषा योजना के अंतर्गत प्रदेश के 6 विश्वविद्यालयों को बजट आवंटित किया गया है। यूनीकान इनमें से किसी एक विश्वविद्यालय में आटोमेशन लैब से संबंधित प्रशिक्षण कर डीपीआर तैयार करने का

कार्य करे। इससे उस क्षेत्र विशेष की महिलाओं को स्वरोगार स्थापित करने में लाभ मिलेगा।

इस अवसर पर राज्यपाल जी ने मिशनशक्ति योजना के अन्तर्गत ई–रिक्शा ड्राइविंग प्रशिक्षित तीन लाभार्थियों गीता वर्मा, राधिका गौतम तथा आंचल वर्मा को प्रतिकात्मक चाबी प्रदान की तथा मिशनशक्ति योजना के अन्तर्गत प्रशिक्षित एवं ई–रिक्शा प्राप्त महिलाओं की निरन्तर सुरक्षा एवं आय स्रोत के दृष्टिगत निर्देश दिया तथा लाभार्थी महिलाओं को अच्छा कार्य करने के लिए कहा।

बैठक में यू0पी0 इण्डस्ट्रीयल कन्सलटेन्ट लि0 (यूपीकान) के प्रबन्ध निदेशक श्री प्रवीण सिंह ने जानकारी दी कि कि इस योजना के अन्तर्गत 75000 हजार महिलाओं को ट्रेनिंग देकर स्वावलंबी तथा आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रयास किया जा रहा है।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्री राज्यपाल डॉ0 सुधीर महादेव बोबडे, विशेष कार्याधिकारी शिक्षा डॉ0 पंकज एल0 जॉनी, यू0पी0 इण्डस्ट्रीयल कन्सलटेन्ट लि0 (यूपीकान) के सदस्य तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

——————

डॉ0 संगीता चौधरी–राजभवन
सम्पर्क सूत्र– 9161668080

राजभवन उत्तर प्रदेश